[This question paper contains 6 printed pages.]

**6344** *Your Roll No.* ............

**LL.B.**

**AS**

**III Term**

Paper LB–3031

BUSINESS ASSOCIATION – I

*Time : 3 Hours* *Maximum Marks : 100*

*(Write your Roll No. on the top immediately on receipt of this question paper.)*

*Note :– Answers may be written either in English or in Hindi; but the same medium should be used throughout the paper.*

*टिप्पणी :– इस प्रश्नपत्र का उत्तर अंग्रेज़ी या हिन्दी किसी एक भाषा में दीजिए; लेकिन सभी उत्तरों का माध्यम एक ही होना चाहिए।*

*Attempt* **five** *questions including Q. No.* **1** *which is compulsory.*
**All** *questions carry equal marks.*

*अनिवार्य प्रश्न क्रमांक* **1** *सहित कुल पाँच प्रश्न कीजिए।*
*सभी प्रश्नों के अंक समान हैं।*

1. Attempt any **four** of the followings and discuss case law wherever necessary :

(a) Distinguish between Partnership and Company.

P.T.O.

(b) Majority rights.

(c) Particular Partnership.

(d) Doctrine of Holding out.

(e) Position of minor in a firm.

निम्नलिखित में से किन्हीं **चार** के उत्तर संक्षिप्त रूप में लिखिए तथा आवश्यकतानुसार निर्णय विधि का विवेचन कीजिए :

(क) भागीदारी और कम्पनी के बीच भेद कीजिए।

(ख) बहुसंख्यक वर्ग के अधिकार।

(ग) विशिष्ट भागीदारी।

(घ) व्यपदेशन का सिद्धान्त।

(ङ) फर्म में अवयस्क की स्थिति।

2. "Sharing of Profits is only a prima facie evidence of the existence of Partnership. The conclusive test is that of mutual agency." Comment.

"लाभों में शेयर करना भागीदारी के अस्तित्व का केवल प्रथम दृष्टया साक्ष्य है। इसका निर्णायक परीक्षण पारस्परिक अभिकरण होता है।" टिप्पणी लिखिए।

3. (a) A firm consisting of four partners, three of the became insolvent, but the remaining partner still carried on the business of the firm. A suit was filed for the dissolution of the firm, whether the suit is maintainable or not. Decide.

(b) 'A' advanced a sum of Rs. 30,000 to the firm of X and Y. Both X and Y agreed to carry on business subject to control of 'A' on payment of commission of 10% out of profits. Is 'A' a partner in the firm. State with reasons.

(क) एक फर्म चार भागीदारों से मिलकर बनी है। उनमें से तीन दिवालिया हो गए किन्तु शेष बचा भागीदार फिर भी फर्म का कारोबार करता रहा। फर्म के विघटन के लिए एक वाद फाइल किया गया। क्या वाद पोषणीय है या नहीं। विनिश्चय कीजिए।

(ख) A ने X तथा Y की फर्म को 30,000 रुपए उधार दिए। X तथा Y दोनों लाभ में से 10% के कमीशन के संदाय पर A के नियंत्रण के अध्यधीन कारोबार करने के लिए सहमत हो गए। क्या A फर्म में भागीदार है। सकारण उत्तर दीजिए।

4. (a) Analyse the term, "Implied Authority" of a partner in the firm.

(b) A and B are partners in a firm dealing in Cotton fabrics. 'A' without the knowledge and consent of 'B' secretly bribes the clerk of a rival firm of C and D to obtain some secret information pertaining to the business of the said rival firm. Is B liable for the acts of 'A'? Discuss.

(क) फर्म में भागीदार के "विवक्षित अधिकार" शब्दों का विश्लेषण कीजिए।

(ख) A तथा B सूती वस्त्रों का कारोबार कर रही फर्म में भागीदार हैं। A ने B की जानकारी तथा सम्मति के बिना गुप्त रूप से C तथा D की प्रतिस्पर्धी फर्म के क्लर्क को उस प्रतिस्पर्धी फर्म से कारोबार विषयक गुप्त सूचना प्राप्त करने के लिए रिश्वत दी। क्या B, A के कृत्य हेतु दायित्वाधीन है ? विवेचन कीजिए।

5. What are the effects of non-registration of a partnership firm ? Whether a suit filed by an unregistered firm gets validity on registration during the pending of the suit ? Discuss.

एक भागीदारी फर्म के अरजिस्ट्रीकरण के क्या परिणाम होते हैं ? क्या किसी अरजिस्ट्रीकृत फर्म द्वारा फाइल किए गए वाद को उस वाद के लम्बित रहने के दौरान रजिस्ट्रीकरण पर विधि की मान्यता मिल जाती है ? विवेचन कीजिए।

6. (a) What is meant by "agency by ratifical" ? Can it be express or Implied ?

(b) 'A' holds a lease from 'B' terminable on three months notice. C, an unauthorised person gives notice of termination to 'A'. Can the notice be ratified by 'B' so as to be binding on 'A' ?

(क) "अनुसमर्थन द्वारा अभिकरण" का क्या अभिप्राय है ? क्या यह अभिव्यक्त हो सकती है अथवा विवक्षित हो सकती है ?

(ख) A, B से पट्टा धारित करता है जिसका तीन मास के नोटिस पर पर्यवसान हो सकता है । एक अनधिकृत व्यक्ति C, A को पर्यवसान का नोटिस देता है । क्या नोटिस को B द्वारा अनुसमर्थित किया जा सकता है ताकि वह A पर बाध्यकर हो ?

7. (a) Four persons purchased a piece of land jointly. Subsequently a cinema hall was constructed with their joint money. They then formed a firm to exhibit films. Determine whether the above two properties :

(i) piece of land

(ii) cinema hall

are the properties of the firm.

(b) A partner purchasing the property with the friends of the firm did not obtain the consent of the other partners as required by the Partnership deed. Will it be the property of the firm ? Comment.

(क) चार व्यक्तियों ने संयुक्त रूप में एक भूखंड खरीदा । बाद में उनके संयुक्त धन से एक सिनेमा हॉल का निर्माण किया गया । फिर उन्होंने फिल्म दिखाने के लिए फर्म का गठन किया । अवधारित कीजिए कि क्या उपर्युक्त दोनों सम्पत्तियां– (i) भूखंड (ii) सिनेमा हॉल फर्म की सम्पत्तियां हैं ?

(ख) एक भागीदार ने फर्म के मित्रों की सम्पत्ति खरीदते हुए अन्य भागीदारों की सम्मति प्राप्त नहीं की जैसाकि भागीदारी विलेख में अपेक्षित था । क्या यह फर्म की सम्पत्ति होगी ? टिप्पणी लिखिए ।

8. "Partners are bound to carry on business of the firm, to the greatest common advantage, to be just and faithful to each other and to vender time accounts and full information if all things affecting the firm to any partner or his legal representative."

Discuss the above duties vis-a-vis the rights in a partnership firm ?

"भागीदार फर्म का कारोबार उच्चतम सांझे लाभ के लिए चलाने, एक दूसरे के प्रति न्यायसंगत व निष्ठावान रहने और किसी भी भागीदार या उसके विधिक प्रतिनिधि के सही हिसाब-किताब तथा फर्म को प्रभावित करने वाली सभी बातों की सूचना देने के लिए आबद्ध होते हैं।"

उपर्युक्त कर्त्तव्यों का भागीदारी फर्म में अधिकारों को सामने रखकर विवेचन कीजिए।